हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 9 सितंबर 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

11 अवैध परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर को छोड़ सैनिक हुए नौ दो ग्यारह

12 धमतरी की खूबसूरती सोशल मीडिया की ताकत से...

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक आज

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 9 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। नए सदस्यों एवं जन्म दिवस वालों का सम्मान किया जायेगा। इस दौरान डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्मरण शिक्षक सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहन साहू ने की है।

### ओबीसी दिवस पर 10 को मड़ेली में जुटेगा पिछड़ा वर्ग

**धमतरी।** ओबीसी दिवस के अवसर पर 10 सितम्बर को सुबह 11 बजे सामाजिक न्याय, समान अवसर एवं ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जनजागरूकता और सामाजिक एकजुटता के उद्देश्य से ग्राम मड़ेली (कुरूद) में विशेष कार्यक्रम होगा। ओबीसी संयोजन समिति छग के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने ओबीसी समाज, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### करेली छोटी में रामधुनी प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से

**मगरलोड।** मातृ आस्था सेवा मंच के तत्वावधान में करेली छोटी के ऋच्छिन माता चौक में तीन दिवसीय छग स्तरीय रामधुनी गायन झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर से किया गया है। 4 अक्टूबर को समापन एवं पुरस्कार वितरण होगा। छग के विभिन्न जिलों की मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक लखनलाल साहू ने दी है।

### अटंग में पटपर झांकी 14 सितंबर को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में 14 सितंबर सोमवार की रात्रि 8 बजे पटपर झांकी का आयोजन इस्माइल गणेश उत्सव समिति अस्पतालपारा, साईं नगर एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष पोलास साहू, उपाध्यक्ष फलेन्द्र साहू, सचिव लिखन तारक, कोषाध्यक्ष चन्द्रभान साहू, चेतन साहू, लोकेन्द्र साहू, थमेंद्र विश्वकर्मा, हिरेन्द्र साहू, डिगेश साहू जुटे हुए हैं। यह जानकारी रोशन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू, ताजेन्द्र चंद्राकर ने दी है।

### स्कूटी सवारों ने हमला कर युवक से मोबाइल लूटा

**धमतरी।** रामायण कार्यक्रम देखने गए युवक पर स्कूटी सवार युवकों ने हमला कर दिया और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम करेठा में तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। रविवार की रात्रि सोनू नेताम पिता कार्तिकराम उम्र 17 वर्ष रामायण कार्यक्रम देखने करेठा गया था। इसी दौरान स्कूटी सवार अज्ञात तीन युवकों ने उसका रास्ता रोककर बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी सोनू का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही सरपंच ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान भी एम्बुलेंस के साथ करेठा पहुंच गए। घायल सोनू को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

■ ग्राम करेठा की घटना

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने एचपीवी टीकाकरण महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले गंभीर कैंसरों में से एक है। समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने से इस बीमारी से बचाव में महत्वपूर्ण मदद मिलती है।

## स्वास्थ्य विशेषज्ञों की देखरेख में किया जा रहा टीकाकरण

### 14 वर्ष पूर्ण एवं 15 वर्ष से कम बालिकाओं पर फोकस

अभियान के तहत विशेष रूप से 14 वर्ष पूर्ण एवं 15 वर्ष अपूर्ण आयु वर्ग की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीके की खुराक वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विशेषज्ञों की देखरेख में दी जा रही है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करना है।

### स्वस्थ भविष्य के लिए टीकाकरण जरूरी

सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने जिले के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण कराने से बेटियों को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाया जा सकता है।

### स्कूलों में पहुंच रहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें

जिले के चारों विकासखंडों के विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीमें पहुंचकर एचपीवी टीकाकरण कर रही हैं। धमतरी ब्लॉक के सोरम शासकीय स्कूल, छाती शासकीय स्कूल और विद्याकुंज लोहरसी निजी स्कूल में कुल 14 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। वहीं केंद्रीय विद्यालय मुजगहन में 7 बालिकाओं का सुरक्षित रूप से टीकाकरण किया गया।

## सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया शिक्षकों के साथ प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

# टीचर फीस लेते हैं और गुरु दक्षिणा : डॉ पात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टीचर और गुरु में बेसिक अंतर यह है कि शिक्षक फीस लेकर पढ़ाता है, जबकि गुरु शिक्षा का निःस्वार्थ दान करता है। अंत में गुरु दक्षिणा लेता है। आज भी गुरु शिष्य की परंपरा चल रही है। आज बच्चे गूगल सहित अन्य ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन शिक्षक का महत्व कम नहीं हुआ है। शिक्षक निर्माणकर्ता है, जो छात्रों के भविष्य और चरित्र को दिशा देते हैं। यह बातें आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रदीप कुमार पात्रा ने कही।

सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को शिक्षक सम्मान और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष विवि के कुलपति डॉ पात्रा थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक खुद उच्च पद पर नहीं होते हैं, लेकिन वे अपने छात्रों को गढ़ते हैं और उन्हीं में से डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस जैसे अधिकारी बनते हैं। शिक्षक केवल शिक्षा देने वाला नहीं होता है, बल्कि भविष्य का निर्माता है। उन्होंने कहा कि एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन को सम्मान देने की तैयारी चल रही थी, लेकिन उन्होंने सम्मान लेने से मना करते हुए शिक्षकों को सम्मान देने की बात की तबसे शिक्षक ⏩ शेष पेज 10 पर

### श्रीवास्तव सर का सपना पूरा हो रहा है : रामू

महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि श्रीवास्तव सर का धमतरी के प्रति गहरा लगाव था। वे मानते थे कि धमतरी शिक्षा ही नहीं हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। मुझे भी श्रीवास्तव सर का सानिध्य मिला। आज धमतरी विकास पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले साल यह कार्यक्रम धमतरी के आडिटोरियम में होगा। उन्होंने डेढ़ साल के भीतर नालंदा परिसर को तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि श्रीवास्तव सर से छात्र हर रोज नई बात सीखते थे। जिन छात्रों को उनका सानिध्य मिला, आज वे अच्छे पदों पर हैं और काम के साथ दूसरों की भलाई भी कर रहे हैं।

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा के प्रतिभागियों को मिला सम्मान

कार्यक्रम के अंत में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंग्रेजी माध्यम में डीपीएस की सखी खालसा को पहला, विद्याकुंज की खुशबू राठी को चौथा, सेंट मेरी स्कूल के समर्थ बजाज को तीसरा, विद्याकुंज के सौमिल देवांगन को चौथा और मॉडल इंग्लिश स्कूल की मानसी साहू को पांचवां पुरस्कार मिला। इसी प्रकार हिन्दी मीडियम में डॉ शोभाराम देवांगन उमाशा के साहिल मोर को पहला, शाउमशा सोरम की भूमिका को दूसरा स्थान, यहीं की नोमिता साहू को तीसरा स्थान, सेजेस हटकेशर की दुर्गेश नंदनी रावटे को दूसरा और शाउमाशा रूद्री की भूमिका साहू को पांचवां स्थान मिला।

# कुरुद में 416 नशीली कैप्सूल के साथ दो युवक गिरफ्तार

■ धोबनी तालाब के पास बेचते पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ऑपरेशन निश्चय के तहत कुरुद पुलिस ने नशीली कैप्सूल की बिक्री करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धोबनी तालाब स्थित शंकर मंदिर के पास कुछ लोग नशीली कैप्सूल बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही कुरुद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। 7 सितंबर की दरम्यानी रात हुई कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 416 नशीली कैप्सूल, दो मोबाइल फोन और 12,300 रुपये नकद बरामद किए गए। जब्त सामान की कुल कीमत 46,054 रुपये बताई गई है। इनमें नशीली कैप्सूल की कीमत 4,754 रुपये और मोबाइल फोन की कीमत 29,000 रुपये है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रेखराम ध्रुव उर्फ दादू (29) निवासी बैगापारा कुरुद तथा भानुप्रताप धीवर उर्फ गोलू (42), निवासी धोबनीपारा कुरुद के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना कुरुद में धारा 22(ख) एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# बठेना वार्ड में हमर क्लिनिक संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ महिला आरोग्य समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बठेना वार्ड में विगत एक साल से निर्मित हमर क्लिनिक को खुलवाने महिला आरोग्य समिति ने कलेक्टर को आवेदन दिया है। बठेना वार्ड की महिला आरोग्य समिति अध्यक्ष कुसुम, कोषाध्यक्ष तामेश्वरी ने बताया कि बठेना वार्ड तथा सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय की दूरी अधिक है। लोग बीपी, शुगर आदि सामान्य जांच के लिए अस्पताल जाने हिचकते हैं। ऑटो किराया ज्यादा होने के कारण भी स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल नहीं जा पाते हैं। महिला आरोग्य समिति ने वार्ड में एक साल पूर्व से निर्मित हमर क्लिनिक को शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। आवेदन सौंपने के दौरान समिति की चित्ररेखा नेताम, सावित्री साहू, संगीता गोस्वामी, पूर्णिमा गोस्वामी, दिलेश्वरी आदि मौजूद थीं।

# बिना बताए स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षक निलंबित

**धमतरी।** स्कूल से बिना बताए गायब रहने और शराब के नशे में स्कूल आने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया है। शिक्षक के खिलाफ जनभागीदारी समिति ने शिकायत की थी। इस मामले की जांच भी की गई। शिक्षक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन जवाब संतोषप्रद नहीं मिला। मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलौदी का है। यहां जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने शिकायत की थी कि व्याख्याता नारायणप्रसाद साहू स्कूल में शराब पीकर आता है। उन पर 1 मार्च से 5 अप्रैल तक और 16 जून से 23 जून तक बिना बताए स्कूल से गायब रहने का भी आरोप लगा था। दोनों ही मामलों में शिक्षा विभाग ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। उनका जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय मगरलोड होगा।

# नगर निगम में चोरी, निष्पक्ष जांच की मांग

■ कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त को सीसीटीवी कैमरा का फुटेज सार्वजनिक करने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों ने निगम में चोरी की घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग आयुक्त से की है। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, योगेश लाल, विशु देवांगन, पूर्णिमा रजक ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 7 सितम्बर को नगर निगम परिसरों तथा इंडोर स्टेडियम खेल मैदान का बिजली विभाग द्वारा बिजली काटने की सूचना मिली। इसे लेकर निगम के कांग्रेस पार्षद दल ने रात 8:15 बजे से 8:45 बजे तक निगम के सामने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से नगर निगम में चोरी की सूचना प्राप्त हुई। विपक्ष के पार्षदों ने कहा है कि उनके प्रदर्शन के दौरान आसपास कोई भी असामाजिक तत्व मौजूद नहीं था। रात 10 बजे नगर निगम के आसपास किसी संदिग्ध शख्स के आने की सूचना मिली है। पार्षदों ने आयुक्त से नगर निगम में लगे सीसीटीवी कैमरा का रात्रि 10 बजे के बाद का फुटेज सार्वजनिक कर चोर का पता लगाने की मांग की है।

# आधे घंटे में दो सड़क हादसे, तीन घायल

■ रूद्री रोड पर लगातार बढ़ रहा यातायात का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री रोड में आधे घंटे के भीतर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए।

रूद्री रोड पर लगातार यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग में वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण रोजाना सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सोमवार की देर शाम रूद्री रोड में आधे घंटे के भीतर दो सड़क हादसे हुए हैं। इन दुर्घटनाओं में एक युवती सहित तीन लोग घायल हुए हैं। एक घटना अंबेडकर चौक रूद्री रोड में हुई है। स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमडी 9465 के चालक आसिद खान उम्र 22 वर्ष रायपुर निवासी अंबेडकर चौक के बीच आगे जा रहे वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान स्कूटी चालक दो वाहनों के बीच फंसकर गिर गया। इस घटना में घायल युवक को उपचार के लिए वरदान संस्था की एम्बुलेंस से निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दूसरी घटना रूद्री मार्ग में राधास्वामी सत्संग के पास हुई है। बाइक क्रमांक सीजी 05 एपी 8207 व स्कूटर क्रमांक सीजी 04 पीए 0506 के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक चालक युवक व स्कूटर सवार युवती घायल हो गई। सूचना पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

# चौड़ीकरण का विरोध नहीं, सघन बस्ती में टू-लेन रखने की मांग

■ फोरलेन प्रभावितों ने कलेक्टर को समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन करने की घोषणा हो चुकी है। फोरलेन की जद में कई परिवार आ रहे हैं। मुख्य रूप से गोकुलपुर भटगांव चौक से कर्मा चौक तक ज्यादा प्रभावित है। इस संबंध में गोकुलपुर, महात्मा गांधी वार्ड सड़क किनारे रहवासियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

रहवासियों का कहना है कि गोकुलपुर भटगांव चौक से कर्मा चौक तक सघन बस्ती है। यदि फोरलेन किया जाता है तो सभी का मकान आधा से ज्यादा टूट जाएगा। ज्यादातर घरों के मुखिया दुकान के माध्यम से परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं, यदि मकान टूट जाएगा तो व्यापार खत्म हो जाएगा। रोजी-रोटी की समस्या आ जाएगी। लोगों ने कहा कि हम चौड़ीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं। चाहते हैं कि बस्ती में चौड़ाई कम हो, टू लेन रखा जाए। इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम पीयूष तिवारी, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि सघन बस्ती में चौड़ाई को कम किया जाएगा, ताकि किसी का घर, मकान ज्यादा प्रभावित न हो सके। डिवाइडर को भी पतला किया जाएगा। पाथवे को हटाया जाएगा। इसके लिए बहुत जल्द सर्वे टीम आएगी।

आवेदन सौंपने के दौरान बाबूलाल यदु, विजयपुरी गोस्वामी, दीपक दुबे, राजा भोजवानी, रामकुंवर साहू, महेश कुमार नारवानी, मुकेश वर्मा, सुरेन्द्र साहू, भूपेंद्र साहू, प्रशांत जाधव, चंद्रहास साहू, मनोज यदु, सुरीत राम साहू, भारती साहू, गणेशुराम साहू समेत अनेक वार्डवासी मौजूद थे।

## समस्या का समाधान नहीं होने पर दी चक्काजाम की चेतावनी

# अवैध रेत उत्खनन और भारी वाहनों के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध रेत उत्खनन और भारी वाहनों के अनियंत्रित परिवहन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से अवैध रेत माफियाओं पर तत्काल नकेल कसने और जर्जर हो चुकी सड़कों को सुधारने की मांग की है।

शहर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि धमतरी क्षेत्र और उसके आसपास नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध रेत खदानें संचालित की जा रही हैं। इन खदानों से दिन-रात ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर शहर के बीच से होकर गुजर रहे हैं। भारी वाहनों के इस अनियंत्रित आवागमन के कारण सिहावा रोड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन राहगीर और दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। धूल के गुबार से स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का जीना मुहाल हो गया है। ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, योगेश शर्मा ने कहा कि धमतरी में प्रशासनिक अधिकारियों की नाक के नीचे अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यदि समय रहते इन अवैध खदानों को बंद नहीं किया गया और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लगाई गई, तो शहर कांग्रेस आम जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन और चक्काजाम करेगी। इस दौरान देवेंद्र देवांगन, जैनुद्दीन रिज़वी, दीपक साहू, मोहन ध्रुव, शंकर माखीजा, राजू कुरैशी, गोपाल कामड़े, हेमंत सेन, अकील अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार छात्रा घायल

ग्राम पुरूर की घटना

**धमतरी।** नेशनल हाईवे से गुजर रही स्कूटी सवार छात्रा को कार ने ठोकर मार दी। इस घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पुरुर निवासी श्रद्धा पवार पिता हेमंत उम्र 17 वर्ष सोमवार को स्कूटी से नेशनल हाईवे होते हुए चिटौद की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुरुर हटरी के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गई। इस घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुरुर लोकेशन की डायल 112 की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायल छात्रा को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरु किया गया।

## खबर संक्षेप

### मारुति सुजुकी का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आज

**धमतरी।** तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को ऑटोमोबाइल सेक्टर की अग्रणी कंपनी से जोड़ने के उद्देश्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 9 सितंबर को सुबह 10 बजे किया जा रहा है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (गुजरात) द्वारा आयोजित इस प्लेसमेंट कैंप के जरिए आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रतिष्ठित संस्थान में रोजगार पाने का सीधा अवसर मिलेगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, वायरमैन, शीट मेटल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक तथा सीओई ऑटोमोबाइल ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### टीचर फीस लेते हैं और गुरु दक्षिणा : डॉ पात्रा

दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आज हम शिक्षक दिवस तो मनाते हैं, लेकिन कोई शिक्षक को याद नहीं रखता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह शिक्षक कितनी बड़ी हस्ती रहा होगा, जिसके सम्मान में इतना बड़ा ट्रस्ट बनाया गया है और इतना भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुरु शिष्य की परंपरा हमारी संस्कृति में है। ऐसे कार्यक्रम से इस परंपरा को पुनर्जीवन मिलता है। उन्होंने कहा कि धमतरी का स्वरूप बदल रहा है। गोकुलधाम को छोड़कर बाकी सभी पुराने प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है या स्वीकृति की दिशा में है। धमतरी बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ बढ़ेगा। अब आपको तय करना है कि बदलाव में आपकी कितनी भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ हीरा महावर, अशोक पवार, विनोद पांडे, श्याम अग्रवाल, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, ननि कमिश्नर अरूण वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मानदेय 15,000 व 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम पंचायतों के समग्र विकास, स्वावलंबन और सरपंचों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपंच महासंघ के 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष कपिलदेव नायक के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण विकास को गति देने और पंचायत संचालन की व्यावहारिक समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री को 22 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

## सरपंच महासंघ ने मुख्यमंत्री साय को सौंपा 22 सूत्रीय मांग पत्र

### मांग पत्र के मुख्य बिंदु

सरपंचों का मासिक मानदेय 4,000 से बढ़ाकर 15,000 किया जाए और कार्यकाल के दौरान 1 करोड़ का दुर्घटना व जीवन बीमा दिया जाए। 16वें वित्त आयोग की राशि तत्काल जारी हो, प्रतिवर्ष 2 से 5 लाख की सरपंच निधि मिले और 50 लाख तक के निर्माण कार्यों में ग्राम पंचायत को ही निर्माण एजेंसी बनाया जाए। पंचायतों के लिए जेम पोर्टल की बाध्यता समाप्त हो, नई एसओर दरें लागू की जाएं तथा मनरेगा के सामग्री मद का लंबित भुगतान शीघ्र किया जाए। सचिवों व रोजगार सहायकों के स्थानांतरण व अवकाश में सरपंच की सहमति अनिवार्य हो। पीएम आवास की राशि 2.50 लाख की जाए और छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के लिए आवास प्लस का पुनः सर्वे कराया जाए।

प्रदेश अध्यक्ष नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी 22 मांगों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना है। महासंघ को पूरा विश्वास है कि राज्य सरकार जल्द ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को राहत प्रदान करेगी।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिन्हा, संकेत अग्रवाल, लखन पटेल, टिकेश्वर साहू, प्रदेश महासचिव राजेश्वरी कैलाश आदिल, शत्रुघ्न चेलक, संरक्षक हरिशंकर साहू, धमतरी अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू एवं मीडिया प्रभारी तोरण दास मानिकपुरी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### विजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद पुरस्कार व प्रतीक चिन्ह से किया सम्मानित

# धमतरी-सांकरा की गोविंदा टोली ने फोड़ी 35 फीट ऊंची दही हांडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगरी में रविवार की शाम दही हांडी उत्सव का आयोजन हाई स्कूल मैदान में किया गया। 35 फीट की ऊंचाई पर क्रेन के माध्यम से लटकाई गई दही हांडी को फोड़ने के लिए विभिन्न स्थानों से पहुंची गोविंदा टोलियों के बीच जमकर मुकाबला हुआ। कई दौर के प्रयास और रोमांचक संघर्ष के बाद धमतरी सांकरा की गोविंदा टोली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दही हांडी फोड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम को समिति की ओर से 31 हजार रुपए नकद पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता शुरू होते ही हाईस्कूल मैदान में उत्साह का माहौल बन गया। गोविंदा दल ने मानव पिरामिड बनाकर 35 फीट ऊंचाई पर लटक रही दही हांडी तक पहुंचने का प्रयास शुरू किया। जैसे-जैसे गोविंदाओं की टोली

### धार्मिक परंपरा के साथ युवाओं को मिला प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर

अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दही हांडी जैसे आयोजन हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी शारीरिक क्षमता, टीम भावना, साहस और प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

ऊंचाई की ओर बढ़ती। मैदान में मौजूद दर्शक तालियों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से उनका उत्साह बढ़ाते रहे। ऊंचाई अधिक होने के कारण गोविंदा दलों को हांडी तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई बार मानव पिरामिड बनने के बाद असंतुलित होकर टूट गया, लेकिन खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी। लगातार प्रयास करते हुए धमतरी-सांकरा की टीम ने हांडी फोड़ने में सफलता हासिल की।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नपं उपाध्यक्ष विकास बोहरा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अनवर राजा, एसडीओपी विपिन रंगने, व्यापारी मोहन सोनी, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू, सिरसीदा सरपंच नरसिंह मरकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश गोसाई सहित अन्य उपस्थित थे। दही हांडी उत्सव को सफल बनाने में समिति के विकास जैन, यश जैन, सौरभ नाग, ललित निर्मलकर, यशवंत साहू, रूपनारायण साहू, रविंद्र साहू, तरुण साहू, द्रविण नाग, प्रशांत साहू, नीरज साहू सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# पंथी कलाकारों ने बांधा समां, संस्कृति और सामाजिक संदेश का दिया परिचय

- भखारा में राज्यस्तरीय पंथी कलाकार मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन
- 100 से अधिक पंथी व लोक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

गुरु बालकदास की जयंती पर कृषि उपज मंडी प्रांगण भखारा में राज्य स्तरीय पंथी कलाकार मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे 100 से अधिक पंथी एवं लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक भवन भठेली से कृषि उपज मंडी भखारा तक निकाली गई शोभायात्रा से हुई। शोभायात्रा में पंथी कलाकारों की प्रस्तुति और सतनाम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया।

### गुरु बालकदास और मिनीमाता की वेशभूषा बनी आकर्षण का केंद्र

इस दौरान हर्षिता भारती राजा गुरु बालकदास की वेशभूषा में पहुंचीं, वहीं खुशी सोनवानी छग की पहली महिला सांसद मिनी माता की वेशभूषा में नजर आईं। दोनों की पारंपरिक वेशभूषा और व्यक्तित्व ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से पहुंचे पंथी कलाकारों ने सामूहिक रूप से पंथी की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए पंथी कलाकारों का सम्मान किया गया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इसके पश्चात सम्मान समारोह में वरिष्ठ पंथी कलाकार एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत राधेश्याम बारले शामिल हुए। उन्होंने पंथी नृत्य एवं गायन के माध्यम से गुरु घासीदास बाबा के सत्य, समानता और मानवता के संदेश तथा बलिदानी राजा गुरु बालकदास के संघर्ष, साहस और सामाजिक योगदान का बखान किया। उनके साथ गायक गोरेलाल बर्मन, यशवंत सतनामी एवं हेमलाल चतुर्वेदी ने अपने गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजन समिति के कोमल संभाकर ने कहा कि पंथी कला के माध्यम से गुरु घासीदास बाबा के मानवता, समानता और सत्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। विनोद डिंडोलकर ने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और महापुरुषों के विचारों से जोड़ना आज की आवश्यकता है।

मौके पर अर्जुन सोनवानी, प्रवीण कोसरे, प्रेमलाल सोनवानी, कमलेश चंदेल, सुमित बंजारे, पविंद्र बघेल, राजा बंजारे, शुभम बंजारे, राहुल टंडन, मोनू टंडन, हिमांशु बंजारे, टोमन कुर्रे, खेमन सोनवानी, डोमन बघेल, आशीष खापर्डे, जयंत सहित अन्य उपस्थित थे।

# मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर हुई स्वास्थ्य दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

खेलरत्न मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस पर संत गुरू घासीदास शासकीय महाविद्यालय कुरूद में मिनी मैराथन 2 किमी का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था स्वास्थ्य हेतु दौड़। इसमें शारीरिक शिक्षा विभाग के 67 छात्र, 28 एनसीसी कैडेट और 11 पूर्व एनसीसी कैडेटों ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय प्रांगण में योग,थमूहिक शारीरिक अभ्यास, छात्राओं के लिए आत्मरक्षा, पंथी नृत्य एवं एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक का प्रदर्शन हुआ। महाविद्यालय के छात्रों को खेलों के नियमित अभ्यास से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया।

प्राचार्य डॉ राजकुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार मेजर ध्यानचंद ने अभावों के बीच हॉकी में भारत को शीर्ष में पहुचाया। उसी प्रकार आज हमें खेलों से अपने को स्वस्थ रखते हुए देश को शीर्ष में पहुंचाने का कार्य करना है।

कार्यक्रम में एमएस साहू, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, पवन ताम्रकार, कौस्तुभ तिवारी, एचके नंदागौरी उपस्थित थे।

# डोंगरडुला में जंगल-जमीन संघर्ष समिति का गठन

- तालाब, गौठान, मेला-बाजार स्थल व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम डोंगरडुला में ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर गांव के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में गांव में तालाब निर्माण, गौठान, मेला एवं बाजार स्थल विकसित करने के साथ ही शासकीय भवनों के निर्माण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार को लेकर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीणों ने गांव के समग्र विकास के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान जंगल-जमीन संघर्ष समिति का गठन किया गया। राजू कावड़े को अध्यक्ष तथा संतोष चौहान को सचिव बनाया गया। रामसंजीवन बघेल अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति एवं ग्राम पटेल, रघु यादव, सरपंच, स्मृति नेताम, प्रताप साहू, रेखराज साहू, पुसाऊ राम, वंदना साहू, श्यामलाल, लक्ष्मी निषाद, नंदकुमार साहू, मनराखन साहू, फुलेश्वरी एवं कृपा को सदस्य बनाया गया है।

मौके पर पांचू नाग, रामप्रसाद, पीलाराम, शिवचरण, निर्मल, ऊषा, झामिन, डमरू, नंदलाल, थानू, अर्जुन मरकाम, बाबूलाल, प्रमिला, भान बाई, मानो, लोकेश बघेल, हेमंत, ललित, पंचराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी व्रत 14 को

**कोर्रा(भखारा)।** विप्र विद्वान पंडितों के मत व विभिन्न पंचांगों के अनुसार 14 सितंबर को हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। हरितालिका तीज का व्रत प्रत्येक वर्ष भाद्र मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को रखा जाता है। सुहागिन स्त्रियां पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य व सुखी वैवाहिक जीवन लिए यह व्रत रखती है। क्वांरी कन्या सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है। हरितालिका तीज व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा।

तीज तिथि का आरंभ 13 सितंबर रविवार सुबह 7:08 मिनट से अगले दिन 14 सितंबर सोमवार सुबह 7:06 तक रहेगा। 14 सितंबर को हरितालिका तीज का व्रत रखना शास्त्र सम्मत होगा। शिव परिवार की पूजा करें। पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6:05 से 7:06 तक है। 15 सितंबर को भगवान शिव पार्वती की पूजन कर व्रत का पारण करें।

# शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर जोर, विभिन्न गतिविधियों के जरिए अध्यापन के गुर सिखाए

- सरस्वती शिशु मंदिर मोहरेंगा में संकुल स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम मोहरेंगा में सरस्वती शिशु मंदिर का एक दिवसीय मगरलोड संकुल स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में वक्ताओं ने शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। बिसहतराम पटेल ने कहा कि शिशु मंदिर के आचार्य कम मानदेय में भी बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ उच्च संस्कार प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक लिखेश्वर ग्वाल ने भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के वनवास के प्रसंग के माध्यम से ज्ञान, क्रिया और धर्म का विस्तृत विवरण दिया। संयोजक नरेश कुमार ध्रुव ने कहा कि यहां की शिक्षा में संस्कार पनपता है और आज के समय में संस्कार बहुत जरूरी है। आचार्य भूपेंद्र नगारची ने शुद्ध गायन, स्वर और लय की जानकारी दी। आचार्य डुमेश कुमार ने बेस्ड लर्निंग एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को अध्यापन कराने की विधि पर गतिविधि कराई। अरौद विद्यालय की प्रेमिन साहू ने पर्यावरण विषय पर खेल-खेल में गतिविधि के माध्यम से जानकारी देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नवागांव के प्रधानाचार्य एवं बौद्धिक प्रमुख ओमप्रकाश साहू ने 9 सितंबर को रांकाडीह में आयोजित होने वाले सरस्वती शिशु मंदिर के बौद्धिक-सांस्कृतिक महोत्सव की रूपरेखा साझा की। उन्होंने मूर्तिकला, चित्रकला, एकल गायन, सुलेख समेत अन्य विधाओं में भाग लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

मौके पर संकुल समन्वयक चेलाराम पटेल, प्रधानाचार्य शंकरलाल साहू, मेघा नूतन साहू, कौशल साहू, रूपेश साहू, संतू निषाद, गोविंद निषाद, नूतन साहू, रामसिंग ध्रुव, जागेश्वर कश्यप, वेदराम सिन्हा, प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में आचार्यगण उपस्थित थे।

### खैरझिटी स्कूल में बाल कैबिनेट ने रखी शिक्षकों के लिए खेल प्रतिस्पर्धा

# कुर्सी दौड़ में एमके व मटका फोड़ में चंद्रिका अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला खैरझिटी में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को तिलक लगाकर, फूल देकर स्वागत किया। कक्षा आठवीं के सभी विद्यार्थी शिक्षक की भूमिका में कक्षाओं में जाकर अध्यापन कराया।

शिक्षकों ने बताया कि 5 सितंबर सन 1888 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वे प्रसिद्ध दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। डॉ. राधाकृष्णन चाहते थे कि लोग उन्हें शिक्षक के रूप में याद करें और उनका जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। इसी कारण भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बाल कैबिनेट द्वारा अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुर्सी दौड़ में प्रथम एमके साहू, द्वितीय चंद्रिका कश्यप, मटका फोड़ में प्रथम चंद्रिका कश्यप को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नोहरसिंह कंवर द्वारा न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी दी गई। मौके पर प्रधानपाठक खिलेश्वर कश्यप माशा, मनोज कुमार साहू प्रधानपाठक प्राशा, ओमप्रकाश साहू, हेमनलाल साहू, सीमा साहू, चंद्रिका कश्यप, भीमिता साहू समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रतिनिधि गरिमा साहू, परिधि निषाद, राधिका साहू ने किया।

Pride of Dhamtari

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### अंडर 19 ट्रायल में 30-30 खिलाड़ियों का चयन

**जगदलपुर।** बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित ट्रायल अंडर 19 में 103 एवं सीनियर में 123 खिलाड़ी कालीपुर स्टेडियम में पहुंचे। रायपुर से आए पर्यवेक्षक आनंद तलवार की उपस्थिति में ट्रायल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लिया गया। जिसमें चयनकर्ताओं ने तकनीक, फिटनेस को ध्यान में रखते हुए दोनों वर्गों से 30-30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। अब इनका प्रशिक्षण कैंप और सलेक्शन मैच आयोजित किये जाएंगे। अंडर 19 का 15 से 20 सितंबर तक प्रशिक्षण कैंप तथा 21 से 26 सितंबर तक सिलेक्शन मैच आयोजित किए जाएंगे। सीनियर का प्रशिक्षण 22 से 28 जनवरी तक तथा सलेक्शन मैच 29 से 5 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। चयनकर्ता प्रदीप गुहा, रवींद्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला थे। बस्तर जिला क्रिकेट संघ की ओर से केदार ठाकुर के साथ गोविंद वर्मा, सुकुलधर कश्यप, आलोक साव, सुशील चौहान उपस्थित थे।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड में शिक्षकों का सम्मान

**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड के पार्षद संग्राम सिंह राणा की पहल पर शिक्षक दिवस पर वार्ड में रहने वाले शिक्षकों का घर-घर जाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता शशिकांत गौतम सहित आशा सोनी, करमजीत कौर, देवराजन, सुनील श्रीवास्तव, वंदना राठौर, एम. गोविंद राव, वीणा भदोरिया, वंदना भदोरिया एवं माधुरी कुशवाहा का सम्मान किया गया। महापौर संजय पांडे, संग्राम सिंह राणा, सुरेश कश्यप एवं गोपाल पटेल ने शिक्षकों का सम्मान किया।

### शिक्षकों का श्रीफल से सम्मान

**जगदलपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर अंजू शिक्षण एवम् सिलाई प्रशिक्षण संस्था में स्टूडेंट्स द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किया गया। जिसमें अतिथि अनिता श्रीवास्तव, संस्था अध्यक्ष अंजू रॉय, तापसी स्कूल अध्यक्ष भानुचंद्र दास सिलाई टीचर काजल साव, हेमा चंदेल ,वीरपाल कौर, स्टूडेंट्स भावना, चंद्रिका, प्राची, गुंजन, तृप्ति, नमया, तुलसी, दीपा, सुजाता दिगूं, प्रेरणा, संगीता, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में टीचरों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### संकुल स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह

**जगदलपुर।** शिक्षक दिवस पर संकुल कस्तूरी विकासखंड जगदलपुर में समारोह पूर्वक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक शरद श्रीवास्तव ने बताया की बड़े पुरस्कार पाने के लिए शिक्षकों को अपना फोटो फोल्डर आदि बनाकर प्रस्तुत करना पड़ता है जिससे आगे चयनित हो वह पुरस्कार प्राप्त करते हैं इसके विपरीत कई शिक्षक है जो बिना किसी लालसा के पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित कर देते है। राकेश गंजीर प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला आवास प्लाट, प्रदीप दीवान शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला चौकावाड़ा और कुसुमलता हिरावानी व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल धनपूंजी को साल, श्रीफल और सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य डॉ.पूर्णिमा सरोज, विशेष अतिथि दुर्योधन पटेल संकुल समन्वयक नियानार थे। संचालन दिनेश भोई प्रधानाध्यापक एवं व्याख्याता कुम्मर बेनी शिव ने किया।

पीएचई आफिस के पास रेत से भरे ट्रैक्टर को छोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

# अवैध परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर को छोड़ सैनिक हुए नौ दो ग्यारह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रेत के अवैध परिवहन को लेकर ट्रैक्टरों के खिलाफ हो रही लगातार कार्रवाई के बीच खनिज विभाग की कार्यशैली पर तरह- तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। रेत से भरे एक ट्रैक्टर को पकड़कर कलेक्टोरेट परिसर लाने के दौरान बीच रास्ते में छोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। इससे खनिज विभाग की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल में 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। फिर भी नदी से बेखौफ रेत का अवैध परिवहन हो रहा है। खनिज विभाग लगातार ट्रैक्टरों पर अवैध परिवहन की कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान एक ट्रैक्टर को पकड़ने के बाद उसे छोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि 7 सितंबर को नहर नाका के पास मुजगहन के एक ट्रैक्टर को अवैध परिवहन के मामले में पकड़ा गया।

उक्त वाहन में माइनिंग विभाग का एक सैनिक बैठकर उसे कलेक्टोरेट परिसर की ओर ला रहा था। रास्ते में पीएचई आफिस के पास ट्रैक्टर रूकता है और सैनिक ट्रैक्टर से उतरकर आटो में बैठता है, फिर कलेक्टोरेट की ओर रवाना हो जाता है। इधर ट्रैक्टर वापस अपने गंतव्य की ओर चला जाता है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद खनिज विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले इसी ट्रैक्टर को लक्ष्मी निवास चौक के पास पकड़े जाने के बाद छोड़ा गया था।

### जिसकी लाठी उसकी भैंस

जिले में रेत का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। यह सब सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में हो रहा है। बारिश में रेत आपूर्ति के लिए 50 से अधिक डंपिंग पांइट का लाइसेंस दिया गया है। अधिकांश डंपिंग स्थानों पर दिनभर नदी से ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत डंप किया जाता है और रात को हाइवा में रेत लोडकर बेचा जा रहा है। रातभर हाइवा वाहनों से अवैध परिवहन होता है। वहीं कोलियारी, अमेठी, अछोटा, तेंदूकोन्हा की नदियों से दिनभर शहर में रेत की सप्लाई हो रही है। खनिज विभाग हाईवा वाहनों पर कार्रवाई से बचता है, क्योंकि नेताओं का संरक्षण है, वही ट्रैक्टरों पर लगातार कार्रवाई कर खनिज विभाग अपनी लाज बचा रहा है। बताया जाता है कि जिस ट्रैक्टर को बार-बार पकड़कर छोड़ा जाता है, वह एक नेता के रिश्तेदार का है। नेता का फोन अधिकारी के पास घनघनाते ही ट्रैक्टर में सवार सैनिक ट्रैक्टर छोड़कर नौ-दो-ग्यारह हो जाते हैं।

## तृतीय सोपान प्रशिक्षण से दिया जा रहा नागरिकता का संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कुरूद नगर में स्काउट-गाइड परंपरा एवं अनुशासन के अनुरूप हुआ। उद्घाटन सत्र की शुरुआत ध्वज शिष्टाचार एवं झंडा गीत से हुई। गाइड विंग की कलर पार्टी ने ध्वज शिष्टाचार की विधि पूरी की। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं स्कार्फ पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड स्थानीय संघ अध्यक्ष मनीष साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव ऐश कुमार साहू, जिला संघ अध्यक्ष एवं शिविर संचालक गणेश प्रसाद साहू, सहायक शिविर संचालक एवं मुख्य परीक्षक गाइड मंजूषा साहू, स्थानीय संघ उपाध्यक्ष राजेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष कृष्णाराम साहू, गजानंद साहू, ज्योति मगर एवं श्रवण साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्काउटर-गाइडर उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्काउटिंग के माध्यम से अनुशासन, सेवा, नेतृत्व तथा राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग व्यक्तित्व निर्माण और समाजसेवा का प्रभावी माध्यम है। शिविर में कुल 233 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें 74 स्काउट, 103 गाइड, 18 रोवर एवं 28 रेंजर शामिल हैं। प्रथम दिवस टोली विभाजन, सेल्यूट, बायां हाथ मिलाना, प्रार्थना, झंडा गीत और ध्वज शिष्टाचार का अभ्यास कराया गया। रात्रि में कैंप फायर एवं शांति गीत का आयोजन हुआ। द्वितीय दिवस योग, सूर्य नमस्कार, आसन एवं बीपी-6 व्यायाम से शुरू हुआ। प्रतिभागियों को स्काउटिंग इतिहास, गणवेश, सीटी संकेत, खोज चिन्ह, टोली पद्धति, ध्वज शिष्टाचार एवं रस्सी की विभिन्न गांठों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में प्रशिक्षण के साथ परीक्षा भी ली जा रही है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को राज्यपाल पुरस्कार के लिए तैयार करने के साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता, सेवा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है।

## भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें विद्यार्थी : सार्वा

- राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़ईमाठा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया।

आयोजन में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, कर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम शिक्षण समिति के अध्यक्ष अखिलेश शाह पवार ने की। विशेष अतिथि जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिपं सदस्य धनेश्वरी साहू, सोसायटी कुरूद के अध्यक्ष मुरारी यदु, सरपंच चन्द्रेश चांद, इर्रा सरपंच सूर्यकांत साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक जितेन्द्र यदु तथा श्रीराम शिक्षक समिति के उपाध्यक्ष परमेश्वर साहू थे। कार्यक्रम का संचालन अमृत साहू ने किया। इस आयोजन में प्राचार्य जितेन्द्र साहू, गिरीश पवार, चम्पादेवी, भगवती पवार, रेणुका साहू, चन्द्रकला, तोरण निर्मलकर, नेहा नायकवाड़, राजकुमार, नेमिन साहू, डिम्पल यदु, धनेश्वरी साहू, ऋतु साहू, मीना कुर्रे, पूजा साहू, महेश्वरी साहू, जागेश साहू, नरेन्द्र पाठक, होरी लाल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं स्वीकृत

**धमतरी।** धमतरी विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में विधायक ओंकार साहू के प्रयास से कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। इन कार्यों से शहर, ग्रामीण क्षेत्रों एवं पर्यटन क्षेत्र गंगरेल के बीच आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। विधायक ओंकार साहू के प्रयास से छाती से उड़ेना, कंडेल, भोथली, बलियारा, बोड़रा होते हुए संबलपुर तक लगभग 16 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है। इस मार्ग के निर्माण से अनेक गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। धमतरी शहर के महत्वपूर्ण मार्ग अंबेडकर चौक से रुद्री तक 5.00 किलोमीटर 4 लेन सड़क तथा रुद्री से गंगरेल तक 6.40 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य को स्वीकृति मिली है। कुल 11.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा। यह कार्य वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल धमतरी-गंगरेल-कुकरेल मार्ग (मुख्य जिला मार्ग क्रमांक-243) के अंतर्गत है।

## नगरी में गूंजा श्रीकृष्ण का जयघोष यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

- दही हांडी फोड़कर मनाया उत्सव, झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर में यादव समाज द्वारा इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के दूसरे दिन यादव समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगरवासी शामिल हुए। पूरे नगर में भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

शोभायात्रा का शुभारंभ यादव भवन वार्ड क्रमांक-7 से हुआ । भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व नपं उपाध्यक्ष अजय नाहटा सहित नपं के पार्षद एवं एल्डरमैन ने पीली झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा यादव भवन से प्रारंभ होकर जंगलपारा, रानी दुर्गावती चौक एवं बस स्टैंड होते हुए नगर पंचायत कार्यालय के सामने पहुंची। यहां करीब 15 फीट की ऊंचाई पर दही हांडी बांधी गई थी, जिसे यादव समाज के उत्साही युवाओं ने मानव पिरामिड बनाकर फोड़ा। दही हांडी फूटते ही श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बना। नपं कार्यालय के सामने यादव समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान यादव समाज के अध्यक्ष नंदकुमार यादव, हरीश यादव, सुनाराम यादव, कमल यादव, हेमलता यादव सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

शोभायात्रा में राउत नाचा दल, आकर्षक झांकियां तथा राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे समाजजनों ने लोगों का मन मोह लिया। राउत नाचा एवं धुमाल की धुन पर समाजजनों के साथ जनप्रतिनिधि भी उत्साहपूर्वक थिरकते नजर आए। शोभायात्रा में शामिल झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रंग में रंगे नगरी नगर में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर यादव समाज की शोभायात्रा ने पूरे नगर को कृष्णमय कर दिया।

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विषय चयन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के महाविद्यालयीन जीवन में औपचारिक प्रवेश एवं उन्हें उच्च शिक्षा की विभिन्न संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष जभा समिति शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, विशिष्ट अतिथि जभा समिति के सदस्य तेजराम साहू, पारसमणि साहू, नागेन्द्र साहू, ज्ञानेश्वर साहू व जागेश्वर साहू एल्डरमैन थे।

दीक्षारम्भ कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक संरचना, विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विभिन्न विभागों एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन में सक्रिय सहभागिता, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश केवल उच्च शिक्षा प्राप्त करने की शुरुआत नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञान विस्तार, अनुशासन एवं भविष्य के निर्माण की महत्वपूर्ण यात्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष ज्योति साहू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत, सकारात्मक सोच एवं अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

एनईपी प्रभारी बैनर्जी ने नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों, बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा व्यवस्था एवं उच्च शिक्षा में उपलब्ध नए अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। एनईपी कैंपस एम्बेसडर किरण तृतीय सेमेस्टर ने विद्यार्थियों को एनईपी के विभिन्न पहलुओं की सरल एवं सहज जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल, रुचि एवं व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिंदी ने कला संकाय अंतर्गत संचालित विषयों एवं उनके महत्व के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया।

विभागाध्यक्ष अंकित बोधवानी ने वाणिज्य विषय की उपयोगिता एवं इसमें उपलब्ध रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अंकित बोधवानी, डिगेश्वर अटल, युगेश्वर प्रसाद, रमेशकुमार, महेशकुमार, भुजेश मंडावी, डॉ. उपमा समेत छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा, देश-विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर छात्राओं को मिला कानून का ज्ञान

**कोण्डागांव।** शासकीय हाई स्कूल कोकोड़ी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की सचिव सुश्री गायत्री साय ने विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के साथ उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सच्ची साक्षरता तभी सार्थक है, जब व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो। शिविर में विद्यार्थियों को बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध कानून सहित दैनिक जीवन में उपयोगी विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक उपयोग करने की जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार के शोषण, अपराध या परेशानी की स्थिति में चुप न रहने तथा तत्काल उचित माध्यम से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों के बारे में भी बताया गया।

### विकसित भारत यूथ लीडर डायलॉग 2027 के लिए ऑनलाइन क्विज शुरू




**कोण्डागांव।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2027 का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में प्रस्तावित है। कार्यक्रम के तहत युवाओं को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विकसित भारत चौलेंज ट्रैक युवाओं के विचारों और नवाचारी सुझावों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जोड़ने का प्रमुख मंच है। इसके माध्यम से युवाओं को देश के विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकसित भारत क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 16 सितंबर तक किया जा रहा है। क्विज में युवा माई भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। विकसित भारत क्विज में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा हिस्सा लेने के लिए पात्र हैं। क्विज में चयनित प्रतिभागियों को आगामी चरण में निबंध लेखन एवं प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। यह गतिविधि युवाओं के लिए जिला स्तर से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा, विचार और नवाचारी सुझाव प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसके माध्यम से युवा विकसित भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकेंगे। युवाओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर माई भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत क्विज में भाग लेकर इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनें और अपने विचारों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का अवसर प्राप्त करें।

डैम, पहाड़, मंदिर, आदिवासी संस्कृति और स्थानीय खानपान बनेंगे डिजिटल कंटेंट का हिस्सा

# धमतरी की खूबसूरती सोशल मीडिया की ताकत से दुनिया तक पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध जैव विविधता, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत तथा साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाने की दिशा में आयोजित मॉनसून क्रिएटर मीट-अप 2026 बरदिहा रिसोर्ट में हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कंटेंट क्रिएटर्स ने अपने अनुभव साझा किए और धमतरी के पर्यटन स्थलों, लोक-संस्कृति, खानपान तथा स्थानीय जीवनशैली को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल और सोशल मीडिया का है। सोशल मीडिया की पहुंच और प्रभाव इतना व्यापक है कि किसी अनदेखे पर्यटन स्थल, स्थानीय कला, परंपरा अथवा प्रतिभा को प्रभावी कंटेंट के माध्यम से बहुत कम समय में देश-दुनिया के सामने पहचान दिलाई जा सकती है।

## युवाओं के लिए बड़ा अवसर

### जिले में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने कहा कि जिले की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थलों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पर्यटन स्थलों को व्यापक प्रचार मिलने से जिले में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास को अब योजनाबद्ध और समग्र दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

### पर्यटन की दृष्टि से विविध और आकर्षक संभावनाएं

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धमतरी में पर्यटन की दृष्टि से विविध और आकर्षक संभावनाएं मौजूद हैं। यहां गंगरेल और अन्य जलाशय, पहाड़ी क्षेत्र, धार्मिक स्थल, वन एवं जैव विविधता, आदिवासी संस्कृति, स्थानीय व्यंजन और ग्रामीण जीवन पर्यटकों तथा कंटेंट क्रिएटर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। इन विशेषताओं को रचनात्मक और जिम्मेदार तरीके से डिजिटल माध्यम पर प्रस्तुत कर धमतरी को पर्यटन के नए गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मॉनसून क्रिएटर मीट-अप जैसे आयोजन क्रिएटर्स को आपस में सीखने, अनुभव साझा करने और नए विचारों के साथ गुणवत्तापूर्ण कंटेंट तैयार करने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं को कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसे नए क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सुविधाएं एवं सहयोग उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। कंटेंट क्रिएटर्स को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुरूद में यूट्यूब रूम तैयार किया जा रहा है, जबकि धमतरी में भी इसी प्रकार की सुविधा विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कंटेंट क्रिएशन और डिजिटल मीडिया का क्षेत्र युवाओं के लिए बड़ा अवसर बन सकता है।

# पीएससी की तैयारी के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

- निषाद समाज की बैठक में सामाजिक एकजुटता के साथ शिक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की छमाही बैठक रविवार को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण स्थित सामाजिक भवन देवपुर में हुई। बैठक में समाज के विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद ने बताया कि हाल ही में निषाद परिवार द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में समाज के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए पीएससी की तैयारी का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। प्रत्येक जिले से दो बच्चों का चयन कर कुल 33 जिलों से 66 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। इनमें से चार विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें पीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर तथा परीक्षा 4 अक्टूबर को रायपुर में होगी। बैठक में प्रकाश निषाद, लखन निषाद, राजू निषाद, संतोष निषाद, फगनू निषाद सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# विशेष बच्चों ने लिखे अपने नाम खिले आत्मविश्वास से चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जब सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने एक-एक कर ब्लैकबोर्ड पर अपना नाम लिखा, तो पूरा वातावरण उनकी खुशी से भर उठा। किसी ने मुस्कुराकर अपना नाम देखा, तो किसी ने गर्व से कहा कि हम भी साक्षर हो गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सार्थक स्कूल धमतरी के विशेष बच्चों ने प्रौढ़ शिक्षा पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। प्रस्तुति छोटी थी, लेकिन उसमें छिपी खुशी और भाव बहुत गहरे थे। बच्चों ने अपने सहज अभिनय के माध्यम से साक्षरता को किताबों और अक्षरों से आगे ले जाकर आत्मविश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता से जोड़ दिया।

लघुनाटिका में प्राची सोनी ने शिक्षिका की भूमिका निभाई। यज्ञदत्त, नेमेश, देवश्री, एकलव्य, मनीषा एवं वत्सला ने प्रौढ़ व्यक्तियों की भूमिका निभाई।

शिक्षिका के सामने जब उन्होंने बारी-बारी से अपना नाम लिखकर दिखाया, तो हर सही अक्षर के साथ उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास बढ़ता गया। वह दृश्य मानो कह रहा था कि कभी-कभी कुछ अक्षर केवल शब्द नहीं बनाते, वे किसी के भीतर विश्वास भी जगा देते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीई फाउंडेशन भिलाई के संस्थापक प्रदीप पिल्लई ने बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें 27 सितंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर सुभाष मलिक, मैथिली गोड़े, देविका दीवान, कौशिल्या यादव, काजल रजक, सुनैना गोड़े समेत पालक सविता शेख एवं प्रेमबती साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# सेमरा (सी) में एक सप्ताह पहले मनाया गया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

विकासखंड के ग्राम सेमरा (सी) में पोला पर्व एक सप्ताह पहले परंपरागत तरीके से मनाया गया। गांव में वर्षों से सभी त्योहार एक सप्ताह पहले मनाने की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी पोला पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी साहू शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोला पर्व छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व हमें किसान, खेती और पशुधन के महत्व की याद दिलाता है।

साथ ही अन्नदाता और पशुधन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गांवों में ऐसे पारंपरिक त्योहारों का आयोजन हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में सरपंच छबिलेश सिन्हा, पूर्व सरपंच सविता गंजीर, सुधीर बल्लाल, यशवंत शुक्ला, उमेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बच्चों ने धरे राधा-कृष्ण, देवकी नंद बाबा और यशोदा के रूप

- सर्वोदय इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्वोदय इंग्लिश हाईस्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं राधा कृष्ण, देवकी, वासुदेव, नंद बाबा, लड्डू गोपाल और यशोदा की वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ लड्डू गोपाल की आरती, पालना, झूला सजाओ प्रतियोगिता से हुई। बच्चों ने टोलियों में दही हांडी लूटी। मटकी सजाओ में प्रथम अलिना माण्डले, द्वितीय अनीता निषाद व तृतीय सृजन कुर्रे रहे। दही हाण्डी लूट प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया था। प्रथम स्थान कक्षा 11वीं के छात्रों ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती तारा सिन्हा ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें भगवान कृष्ण के आदर्श और उनके जीवन की गहराइयों को समझने का अवसर प्रदान करता है। मौके पर डायरेक्टर टीआर सिन्हा, शाला प्रबंधक निशांत सिन्हा, उपप्राचार्या रेखा शर्मा, ललिता साहू समेत शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन ललिता साहू एवं मानसी त्रिपाठी ने किया।

# हरफतराई टीम ने लगातार दूसरी बार फोड़ी दही हांडी

- प्रथम रोहरा बोले : भाईचारे और विश्वास से मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के अधारी नवागांव वार्ड में आयोजित दही हांडी उत्सव में हरफतराई ग्रुप ने लगातार दूसरी बार प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रथम रोहरा रहे। उन्होंने कहा कि दही हांडी का पर्व साथी हाथ बढ़ाना के संदेश से जुड़ा है। हांडी तक पहुंचने के लिए हर गोविंदा ऊपर चढ़ रहे साथी को भरोसा दिलाता है कि वह उसे गिरने नहीं देगा। यही विश्वास सफलता की आधारशिला है।

कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यहां सभी वर्गों के लोग मिल-जुलकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। उन्होंने वार्डवासियों को विकास कार्यों को लेकर भरोसा दिलाते हुए कहा कि कुछ समय और इंतजार करें, जल्द ही लगातार विकास कार्य नजर आएंगे। उन्होंने उमंग चौक के सौंदर्यीकरण को पार्षद की मांग के अनुरूप कराने की बात भी कही।

कार्यक्रम में पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी, शरद साहू, संजू साहू सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे। नियमों के तहत हरफतराई, मकेश्वर वार्ड और अधारी नवागांव की तीन टीमें क्वालीफाई हुईं। महिलाओं और बच्चों ने भी विभिन्न उत्साहवर्धक कार्यक्रमों में भाग लिया। आयोजन में सैकड़ों युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## निकली जबर नारबोद रैली

**धमतरी।** पोला त्योहार से पहले छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना ने मंगलवार को जबर नारबोद रैली निकाली। रैली पुरानी मंडी से सिहावा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार होते हुए एकलव्य खेल मैदान पहुंची। रैली का मुख्य आकर्षण गेड़ी नृत्य, मादड़ी नृत्य, कर्मा नृत्य और नारबोदी झांकी रही।

# शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक विद्यालय लड़ेर में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने गुरुजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद् लक्ष्मण निषाद ने पालक, बच्चों एवं शिक्षकों के आपसी संबंधों को विद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र निषाद ने बच्चों को संस्कारवान बनने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक राजेश कुमार कौशल ने किया। मौके पर डोमन निषाद, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता साहू, मालती निषाद, सरिता चन्द्राकर, शिक्षक महेंद्र सिन्हा, डोमेश्वरी, संतोषी चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# आदिवासियों के जख्म अब भी हरे, प्रभारी बदलने से नहीं बदलेगा सच : विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा आदिवासी नेता एवं आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष एवं धमतरी विधानसभा प्रभारी विकास मरकाम ने सुखदेव भगत को कांग्रेस छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस आदिवासी प्रभारी बनाकर अपने आदिवासी विरोधी कर्मों का पश्चाताप करने का प्रयास कर रही है लेकिन छत्तीसगढ़ आदिवासी समाज को इनके द्वारा दिया गया ज़ख्म अब भी हरा है। कांग्रेस पार्टी ने पहले घाव देना, फिर मरहम लगाना की सोच पर यह नियुक्ति की है लेकिन छग के आदिवासी कांग्रेस की इस पहले सताना, फिर बहलाना वाले हरकत को अच्छे से समझती है।

श्री मरकाम ने कहा कि छग के आदिवासी कभी भूल नहीं सकते कि कैसे कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए आदिवासियों के 32% आरक्षण को छीनने का प्रयास किया। कैसे तेंदूपत्ता संग्राहकों को उचित मूल्य भुगतान के लिए भुगताया है, उनके पैरों से चप्पल छीने गए, उनके बच्चों की छात्रवृत्ति रोकी गई। कैसे आजादी के बाद पहली बार राष्ट्रपति बनाई गई बेटी को राष्ट्रपत्नी बोलकर अपमान किया गया। छग के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री की तुलना अपने पोस्टरों में जानवरों से की गई। नए प्रभारी को मेरी सलाह है कि शराब घोटाले, कोयले के घोटाले, महादेव सट्टा और गोबर घोटाले जैसे कई घोटालों में लिप्त नेताओं को पद एवं दायित्व से मुक्त करें ताकि छत्तीसगढ़ में स्वस्थ राजनीतिक परंपरा का विकास हो सके।

# भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ ने किया 60 आचार्यों का सम्मान

**धमतरी।** भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर सोरम में शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। समारोह में क्षेत्र के 7 सरस्वती स्कूल के 7 प्राचार्यों एवं 60 शिक्षकों को श्रीफल देकर सम्मान किया गया। शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनंजय मोरे ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि संस्कारों से राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

मौके पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनंजय मोरे, सह संयोजक गजेन्द्र पटेल, श्रुति साहेब, कोषाध्यक्ष सोमनलाल साहू, मीडिया प्रभारी जिवेश आर्या, लोकनाथ साहू, प्रहलाद पटेल, पद्मिनी चंद्राकर, कार्यालय प्रभारी सौरभ साहेब, सुरेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रहलाद पटेल ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज